प्रेस नोट संख्या- 39

दिनांक 20.09.2024

सराहनीय कार्य जनपद अमेठी

थाना अमेठी पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा, चोरी का 01 लैपटॉप, 03 अदद मोबाइल व 01 जोड़ी पायल के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 20.09.2024 को उ0नि0 राना उदयभान थाना अमेठी मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 185/24 धारा 308, 331(4) बीएनएस थाना व जनपद अमेठी से संबंधित 02 अभियुक्त 1.मंगल सिंह पुत्र स्व0 रामतीरथ सिंह उम्र 32 वर्ष, 2.विनय कुमार सिंह उर्फ सप्पा पुत्र नरेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 27 वर्ष निवासीगण ग्राम टिकरी थाना व जनपद अमेठी को टिकरी चौराहा के पास से समय करीब 02:25 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त मंगल सिंह के कब्जे से 01 लैपटॉप, 01 मोबाइल व 01 जोड़ी पायल बरामद हुई तथा अभियुक्त विनय कुमार सिंह उर्फ सप्पा के कब्जे से 02 मोबाइल फोन बरामद हुए।

बरामद सामान के संबंध में पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि दिनांक 18/19.09.2024 की रात्रि में हम दोनों लोगों ने मिलकर अपने ही गांव के एक घर से यह सामान चोरी किया था। उसी घर से हम लोगों ने 20-25 कि0ग्रा0 चावल भी चोरी किया था जो घर वालों के जाग जाने के कारण रास्ते में छोड़कर भाग गये थे। आगे पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि कुछ दिन पहले हम लोग नौगिरवां बैंक में दीवाल तोड़कर बैंक के अन्दर घुसकर तिजोरी तोड़ने का प्रयास किया था लेकिन तोड़ नहीं पाये थे। अपनी पहचान छिपाने के लिये बैंक में लगे कैमरों का डी0वी0आर0 निकाल ले गये तथा अगले दिन एक अन्जान व्यक्ति को 02 हजार रुपए में बेच दिया था जो खर्च हो गये हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

बरामदगी-

- चोरी का 01 लैपटॉप, 03 अदद मोबाइल, 01 जोड़ी पायल सफेद धातु।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता –

1. मंगल सिंह पुत्र स्व0 रामतीरथ सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम टिकरी थाना व जनपद अमेठी।
2. विनय कुमार सिंह उर्फ सप्पा पुत्र नरेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम टिकरी थाना व जनपद अमेठी।

पंजीकृत अभियोग -

- मु0अ0सं0 185/24 धारा 308, 331(4) बीएनएस थाना अमेठी जनपद अमेठी।
- मु0अ0सं0 175/24 धारा 62, 305, 324(4), 331(4) बीएनएस थाना अमेठी जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली टीम –

1. उ0नि0 राना उदयभान थाना अमेठी जनपद अमेठी।
2. हे0का0 अनिरुद्ध यादव थाना अमेठी जनपद अमेठी।
3. का0 संजय सिंह थाना अमेठी जनपद अमेठी।
4. का0 मनीष यादव थाना अमेठी जनपद अमेठी।